मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-376
05/07/2023

# मुख्यमंत्री ने जे0पी0 गंगा पथ के गायघाट के पास चल रहे निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का अधिकारियों को दिया निर्देश, जे0पी0 सेतु से एन0एच0–19 तक के कनेक्टिविटी का भी लिया जायजा

- **जे0पी0 गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें ताकि लोगों का आवागमन और आसान हो सके– मुख्यमंत्री**

पटना, 05 जुलाई 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के गायघाट के पास चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री जे0पी0 गंगा पथ होते हुए गायघाट पहुंचे और वहां कराये जा रहे निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने बताया कि जे0पी0 गंगा पथ का गायघाट तक निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही पूर्ण हो जायेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए जे0पी0 गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें ताकि लोगों का आवागमन और आसान हो सके। जे0पी0 गंगा पथ के गायघाट के पास गांधी सेतु से भी बेहतर कनेक्टिविटी करायें ताकि गांधी सेतु के साथ जे0पी0 गंगा पथ का सम्पर्क सुगम हो सके।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जे0पी0 सेतु से एन0एच0– 19 तक के कनेक्टिविटी का जायजा लिया। जे0पी0 सेतु से होते हुये इस पथ का बकरपुर के पास एन0एच0–19 का कनेक्टिविटी किया गया है, जिससे छपरा और हाजीपुर जाने के लिये लोगों को एक और सुगम मार्ग उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान कहा कि उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की संपर्कता और बेहतर करने के लिए पथ निर्माण और पुल निर्माण के कई कार्य किये गये हैं। पटना से बाहर आने–जानेवाले लोगों का सम्पर्क और सुलभ बनाने के साथ–साथ पटना शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिये कई महत्वपूर्ण पथ परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक

श्री शीर्षत कपिल अशोक, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा समेत अन्य वरीय अधीकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

******